दिनांक : 17.02.2026 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार:-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- 2047 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था में होगी ऐतिहासिक बढ़ोतरी।
- केंद्रीय मंत्री अमित शाह आज गांधीनगर में राज्यों के मंत्रियों के साथ बनाएंगे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्लान।
- उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा-कल पेश होने वाला बजट स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का मजबूत रोडमैप होगा।
- बड़वानी में आज एक हजार किसान सीखेंगे केले के निर्यात और खेती की आधुनिक तकनीक।

प्रधानमंत्री-पूर्व राष्ट्रपति-मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से नवनिर्मित प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' में मुलाकात की। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से मुलाकात अत्यंत सुखद रही। उन्होंने कहा कि विभिन्न विषयों पर उनके विचार सदैव गंभीर, विचारशील और मार्गदर्शक होते हैं। वहीं, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि नवनिर्मित प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' में प्रधानमंत्री से मिलकर बेहद प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा कि यह भवन 'नागरिक देवो भव' की भावना को साकार करता है और सेवा, करुणा, कर्तव्य तथा 'नेशन फर्स्ट' के सिद्धांतों का प्रतीक है।

'अभ्युदय कॉन्क्लेव'-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल में 'अभ्युदय कॉन्क्लेव' के दौरान मध्यप्रदेश के लिए $1 ट्रिलियन इकोनॉमी का रोडमैप पेश किया। 'विकसित भारत/2047' के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार ने अगले 25 वर्षों में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 22.50 लाख रुपये तक ले जाने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश 31 मार्च की डेडलाइन से पहले ही नक्सलवाद से मुक्त होने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। एमएसएमई सेक्टर को विकास की रीढ़ बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी दर अब मात्र 1.5ः रह गई है। सौर ऊर्जा और कृषि में बढ़ते निवेश के साथ, कल आने वाला डिजिटल बजट प्रदेश की इस प्रगति को नई रफ्तार देगा।''

मंथन बैठक-अमित शाह

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह आज गांधीनगर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की उच्च स्तरीय मंथन बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सहकारिता मंत्रालय ने कहा कि यह मंच मंत्रालय की प्रमुख पहलों की व्यापक समीक्षा, प्रगति का आकलन, राज्यों से सर्वोत्तम प्रथाओं और अनुभवों का आदान-प्रदान के साथ-साथ भविष्य के लिए एक समन्वित रोडमैप तैयार करने में सहायक होगा। चर्चा में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित की जा रही 2 लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन सहकारी समितियों की प्रगति पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय आज नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में 'भारत में एआई, क्षेत्र में प्रगति' विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित करेगा। इस सत्र में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी भाग लेंगे, जो शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परिवर्तनकारी क्षमता को उपयोग में लाने के मंत्रालय के निरंतर प्रयासों को रेखांकित करेगा। मंत्रालय ने बताया है कि यह सत्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिकोण और विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप है। पिछले एक दशक में मंत्रालय ने डिजिटल प्लेटफॉर्म, नीतिगत ढांचे, संस्थागत सुधार और व्यापक क्षमता निर्माण के माध्यम से स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान और नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में एआई-सक्षम शिक्षा की मजबूत नींव रखी है।

व्यापार समझौता

फार्मा क्षेत्र ने भारत और अमरीका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते का स्वागत किया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में चिकित्सा उपकरण निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष आर.एस. तनवर ने कहा कि इस समझौते के साथ देश का चिकित्सा उपकरण क्षेत्र एक महत्वपूर्ण स्थिति में प्रवेश कर गया है।

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने आगामी बजट 2026-27 को लेकर सरकार का विजन साझा करते हुए कहा है कि यह बजट प्रदेश को देश का सबसे बेहतर राज्य बनाने का एक मजबूत रोडमैप साबित होगा। उपमुख्यमंत्री ने कल भोपाल में मीडिया से बात करते हुए बताया कि केंद्र और राज्य की स्वास्थ्य और स्टार्टअप जैसी योजनाओं में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने विशेष तैयारी की है।उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करेगी।

वन्य प्राणी बोर्ड-बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल के मंत्रालय में वन्य जीव पर्यटन को वैश्विक स्तर पर चमकाने के लिए राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की 31वीं बैठक ली, ताकि प्रदेश में मानव-वन्य जीव सह-अस्तित्व और पर्यटन से रोजगार को मजबूत किया जा सके।इस बैठक में बड़ा फैसला लेते हुए असम के साथ 'एनिमल एक्सचेंज' को मंजूरी दी गई, जिसके तहत अब मध्यप्रदेश में किंग कोबरा, गेंडे और जंगली भैंसे नजर आएंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कूनो में चीतों की संख्या 35 पहुंचने के बाद अब प्रदेश में हाथी पर्यटन पर भी ध्यान दिया जाए। साथ ही, जन सुरक्षा के लिए हर पंचायत में दो युवाओं को सांप पकड़ने की ट्रेनिंग और डॉग स्क्वाड में देशी नस्ल के कुत्तों को शामिल करने जैसे नवाचारों पर मुहर लगाई गई है।

आग-बैरागढ़

भोपाल के बैरागढ़ इलाके में कल देर रात लगी आग पर पुलिस और दमकल विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरी तरह काबू पा लिया है। ए सी पी आदित्य राज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमों ने मौके पर पहुँचकर स्थिति को संभाला।

कृषि संवाद' और कार्यशाला

बड़वानी जिला प्रशासन और उद्यानिकी विभाग द्वारा आज कृषि विज्ञान केंद्र, तलून में 'कृषि संवाद' और कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र के किसानों को केला उत्पादन की उन्नत तकनीक और अंतरराष्ट्रीय निर्यात से जोड़कर उनकी आय दोगुनी की जा सके। इस कार्यशाला में लगभग एक हजार किसान अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ के.बी. पाटिल और प्रमुख एक्सपोर्टर्स से टिश्यू कल्चर और वैश्विक मानकों की बारीकियां सीखेंगे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को एक विशेष मार्गदर्शिका बुकलेट भी दी जाएगी, जो फसल चक्र से लेकर एक्सपोर्ट तक के हर सवाल का समाधान करेगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कल बड़वानी में 'हर ग्राम-एक काम' अभियान का शुभारंभ किया। इस अनूठी पहल के जरिए हर पंचायत में विकास कार्यों और स्वरोजगार के नए अवसरों को सीधे ग्रामीणों से जोड़ा जाएगा।
- किसान कल्याण वर्ष का पहला राज्य स्तरीय विशाल किसान सम्मेलन कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्वालियर जिले के ग्राम कुलैथ में आयोजित होगा।
- आगरमालवा के गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कल विधिक जागरूकता शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हेमंत मेहरा ने छात्र-छात्राओं को मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों के संबंध में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया।
- पन्ना जिले में भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जो 27 फरवरी तक आयोजित होगा।
- डिंडौरी जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज एक दिवसीय परवाज-युवा संगम रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है।
- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना और कुपोषण उन्मूलन से जुड़े कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई।
- सिंगरौली में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत कृषि विभाग द्वारा कृषक संगोष्ठी एवं मिलेट रोड शो का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत मिलेट्स का उत्पादन बढ़ाने एवं उसका मूल्य संवर्धन हेतु कृषकों को जागरूक किया गया।

-------